quantum of zinc metal being lost at present in the "Moore Cake"; the "Moore Cake" is being accumulated by the company, and experiments and trials are being made to recover the metal by retreating the cake, in regard to which trial experiments hold out promise of success. When the zinc metal eventually gets recovered from the Moore Cake, the loss would have been recovered to a certain extent.

भागलपुर में स्वचालित टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना करना

1550. **डा० राम जी सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार भागलपुर में, जो डिवीजन मुख्यालय है, एक स्वचालित टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना करने का है : और

(ख) यदि हां, तो यह कब तक स्थापित किया जायेगा ?

संचार मंत्री (श्री जार्ज फर्नानडिस) : (क) जी हां ।

(ख) आटोमैटिक एक्सचेंज की इमारत बनाने के लिये हाल ही में जमीन ली गई है । आशा है कि भागलपुर में वर्ष 1981-82 में आटोमटिक ऐक्सचेंज चालू हो जायेगा ।

परिवार नियोजन केन्द्र

1551. **श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछली सरकार ने समूचे देश में राज्य वार, कितने परिवार नियोजन केन्द्र खोले हैं और सरकार भवनों का निर्माण कराकर उसमें कितने केन्द्र चला रही है और कितने केन्द्र किराये के मकानों में चलाये जा रहे हैं तथा गत दो वर्षों में इन केन्द्रों पर वार्षिक तथा मासिक व्यय, अलग-अलग कितना हुआ है ?

(ख) क्या सरकार का विचार इन केन्द्रों में व्यवस्था में सुधार लाने के लिये कोई परिवर्तन करने का है ? और

(ग) यदि हां, तो इसमें किस प्रकार परिवर्तन लाया जायेगा ?

स्वास्थ्य और परवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) सूचना एकत्र की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) और (ग). जी, हां । परिवार कल्याण केन्द्रों के कार्यकरण में सुधार लाने के लिये निम्नलिखित परिवर्तन करने का विचार किया गया है :—

(1) प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक-एक ग्रामीण परिवार कल्याण केन्द्र के लक्ष्य प्राप्त करने के लिये 1977-78 में 200 अतिरिक्त ग्रामीण परिवार कल्याण केन्द्र खोले जायेंगे ।

(2) सारे ग्रामीण परिवार कल्याण केन्द्रों के निर्माणाधीन भवनों को पूरा कर लिया जायेगा ।

(3) इस कार्यक्रम के शैक्षिक और प्रेरणादायक पहलूओं पर अत्याधिक बल दिया जायेगा तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम पूर्णतया स्वैच्छिक कार्यक्रम के रूप में क्रियान्वित किया जायेगा ।